**खबर संक्षेप**

### कटरा नदी में मिली अधेड़ की लाश

**सतना।** रामपुर बाघेलान थाना अंतर्गत ज्ञान ज्योति स्कूल के आगे कटरा नदी के किनारे बुधवार सुबह एक अधेड़ की लाश पाई गयी। मृतक की शिनाख्त भवतरा ग्राम निवासी अंजनी कोल पुत्र रविकरण कोल 45 वर्ष के रूप में की गयी है। रामपुर बाघेलान थाना प्रभारी उमेश प्रताप सिंह के मुताबिक पंचनामा तैयार कराने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुर से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। प्रथम दृष्ट्या यह मामला हत्या का प्रतीत होता है। रामपुर बाघेलान थाना प्रभारी यूपी सिंह ने बताया कि ग्रामीणों से की गयी पूछताछ में मृतक अंजनी कोल की कुछ लोगों से पुरानी दुश्मनी की बात सामने आई है। श्री सिंह ने बताया कि लाश कटरा नदी के किनारे पड़ी पायी गयी,जो फूल गयी थी। अनुमान है कि लाश करीबन तीन दिन पुरानी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के शरीर में पाये गये चोटों के गंभीर निशानों से ऐसा प्रतीत होता है कि अधेड़ की कुछ लोगों द्वारा हत्या कर दी गयी। बताया गया है कि मृतक के साथ कुछ लोगों द्वारा जमकर मारपीट की गयी। जिसके कारण उसकी मौत हो गयी। पुलिस मर्ग कायम कर घटना की जांच में जुट गयी है। इस संबंध में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस डिटेल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।k

### एकेएस वि.वि. को बेस्ट प्लेसमेंट इन सेंट्रल इंडिया 2024 अवार्ड



**सतना।** एकेएस वि.वि.सतना को बेस्ट प्लेसमेंट इन सेंट्रल इंडिया 2024 अवार्ड शंखनाद 2024 के मंच से भोपाल में 29 अप्रैल को प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय को यह पुरस्कार इंदर सिंह परमार,कैबिनेट मंत्री उच्च शिक्षा तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग,मध्य प्रदेश शासन ने प्रदान किया जिसे विश्वविद्यालय के डायरेक्टर अमित कुमार सोनी ने ग्रहण किया। यह कार्यक्रम ज़ी न्यूज़ मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारतवर्ष के अनेक शैक्षणिक संस्थाओं के कुलपति,शिक्षाविद, प्रबुद्धजन गणमान्य और बौद्धिक वर्ग के विशिष्ट जन उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है की इसके पूर्व विश्व विद्यालय को सोल आफ इंडिया अवार्ड 2023 इन हाउस आफ लॉर्ड्स, ब्रिटिश पार्लियामेंट में,विभिन्न राष्ट्रीय मंचों से अनेक अवार्ड जिसमें बेस्ट इन्नोवेटिव यूनिवर्सिटी इन मध्य प्रदेश,लीडिंग यूनिवर्सिटी इन सेंट्रल इंडिया,इमर्जिंग यूनिवर्सिटी इन सेंट्रल इंडिया,यूनिवर्सिटी इन सेंट्रल इंडिया फॉर लीडिंग एक्सीलेंस एंड रिसर्च पुरुस्कार भी मिल चुके हैं। विश्वविद्यालय को मिले इस अवॉर्ड पर कुलाधिपति बी.पी.सोनी, प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी,कुलपति बी.ए.चोपड़े ने खुशी व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय की निरंतर उन्नति की कामना की है।

### पुलिस महानिदेशक ने यूपीएससी में चयनित काजल सिंह को किया सम्मानित



**सतना।** मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने भोपाल स्थित कार्यालय में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 485वीं रैंक प्राप्त कर भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी बनने पर सतना जिले की काजल सिंह को पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। उन्होने काजल को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर काजल सिंह के पिता उप निरीक्षक विजय सिंह और माँ मौजूद रही।

## पान बरेज में आग लगने से 3 किसानों को हुआ लाखों का नुकसान

सतना।

अमरपाटन तहसील और ताला थाना क्षेत्र अंतर्गत झिन्ना गांव में 3 किसानों के पानबरेज में आग लगने से पान जलकर खाक हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक आग लगने की वजह बिजली तार से शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। अचानक से आग लगने और तेज हवा के कारण देखते ही देखते आग काफी तेजी से फैल गई थी। किसानों ने बचाव के प्रयास शुरू किए लेकिन आग की लपटों और हवा की वजह से खासी मुश्किल का सामना करने के बाद भी सफल नहीं हुए और पान जलकर खाक हो गया। आगजनी में झिन्ना निवासी रामस्वरूप चौरसिया,आनंद प्रकाश चौरसिया,सम्मन चौरसिया के बरेज नष्ट हो गए। सभी किसानों को लाखों की क्षति उठानी पड़ी है। पीड़ितों ने विभाग को आग लगने की सूचना देते हुए क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की गुहार लगाई है।



## मजदूर दिवस पर निकाली गई रैली




मजदूर दिवस पर बुधवार को पुष्पकरनी पार्क से रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए प्रारंभ स्थल पर समाप्त की गई।

सतना।

टीयूसी अध्यक्ष कॉमरेड टीपी पांडे ने रैली स्थल में रैली में शामिल होने आए सांथियो से सर्वप्रथम शिकागो में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने का आह्वान किया गया। टीयूसी महासचिव कॉमरेड संजय सिंह तोमर ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि 138 साल पहले 1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर में 8 घंटे कार्य दिवस की मांग को लेकर हजारों मजदूरों ने लड़ते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उसके परिणाम स्वरुप ही दुनिया के मजदूरों को 8 घंटे कार्य दिवस की मांग हासिल करने में सफलता प्राप्त की। उसके बाद हुए अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में लिए गए निर्णय के अनुसार 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाने का जो निर्णय लिया गया था उसे दुनिया भर के मजदूर दुनिया के मजदूरों एक हो का नारा लगाते हुए, पूरी शिद्दत के साथ मनाते आ रहे हैं। इस दिन शिकागो के अमर शहीदों एवं उनके द्वारा किए गए संघर्षो को याद किया जाता है। टीयूसी संरक्षक हरि प्रकाश गोस्वामी ने कहा कि आज देश में वर्तमान हालात ठीक नहीं है। कामगारों एवं ट्रेड यूनियनों पर हमले हो रहे हैं। सीटू सतना के संयोजक कॉमरेड वीरेंद्र सिंह रावल ने कहा कि महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। सरकार निजीकरण के एजेंडा को तेजी से आगे बढ़ा रही है और नेशनल मॉनिटाइजेशन पाइपलाइन पॉलिसी के माध्यम से करीब करीब सारी सार्वजनिक संपत्तियों को देसी विदेशी पूंजी पतियों को सौंपने की कोशिश में जुटी हुई है। इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर सिंह तिवारी ने कहा कि हम देख रहे हैं आक्रमण बहु स्तरीय हैं और यह सरकारी कंपनियों तक सीमित नहीं है। यह हमले संपूर्ण ट्रेड यूनियनों पर हो रहे हैं। सतना डिविजन इंश्योरेंस इम्प्लाइज एशोसिएशन के अध्यक्ष कॉमरेड धर्मेन्द्र सिंह बघेल ने कहा कि मोदी सरकार के एजेंडा के खिलाफ केंद्रीय श्रमिक संगठनों, किसानों एवं अन्य ट्रेड यूनियनों द्वारा किए जा रहे आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लेकर इन संघर्षो का हिस्सा बनना चाहिए।इन हमलों को संयुक्त आंदोलनों के माध्यम से ही रोका जा सकता है।

मध्यप्रदेश बैंक इम्प्लाइज एशोसिएशन सतना के महासचिव दिनेश श्रीवास्तव ने अनुरोध किया की बढ़ती हुई चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए आगामी सभी कार्यक्रमों में हमारे सदस्यों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संयोजक आरडी द्विवेदी ने अठारहवीं सदी के श्रमिक आन्दोलन से ऐतिहासिक श्रमिक आजादी दिवस को आज अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1 मई मजदूर दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर बलिदानी अमर शहीदों के सम्मान में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मध्य प्रदेश के जिला अध्यक्ष एवं पंचायत समन्वय अधिकारी संघ के अध्यक्ष काम.भानू प्रताप सिंह श्रीनेत ने जनकल्याण की भावना से आज के इस ऐतिहासिक पर स्वयं का रक्तदान कर सहभागिता की।



### मैहर में भी मनाया गया श्रमिक दिवस

प्रतिवर्ष 1 मई को भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस या श्रमिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन श्रमिक लोगों के योगदान और उनके अधिकारों के लिए लड़ने वाले श्रमिक आंदोलन को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है। विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर मैहर जिले में अग्रसेन तिराहे में श्रमिको का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने श्रमिको को फूलमाला पहनाकर,उपहार और नाश्ते के पैकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आयोजक समिति के द्वारा श्रमिको की सेवाभाव से हेयर कटिंग,सेविंग और मसाज थैरेपी दी गई। इस मौके पर एएसपी मुकेश वैश्य,एडीएम शैलेंद्र सिंह,जिला अभियोजन अधिकारी गणेश पांडे,एडीएम विकाश सिंह,नगर पालिका सीएमओ लालजी ताम्रकार एवं स्थानीय मजदूर श्रमिक और नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कृषि छात्रों ने जैविक और प्राकृतिक खेती को व्योहारिक रूप से जाना और समझा

**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कृषि संकाय अंतर्गत संचालित बीएससी (कृषि) आनर्स.पाठ्यक्रम के अंतिम सत्र के विद्यार्थियों द्वारा रावे कार्यक्रम अंतर्गत होने वाले वाणिज्यिक सब्जी उत्पादन पाठ्यक्रम के तहत विभाग द्वारा प्रदत्त एक निश्चित भू-भाग में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेत की तैयारी से लेकर फसल तैयार होने तक के संबंधित कार्य पूर्णतः जैविक तरीके से किए गए,जिसमें किसी प्रकार के कीटनाशी,शाकनाशी का प्रयोग वर्जित रहा। इसमें विभिन्न प्रकार की ग्रीष्मकालीन सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है,जो ज्यादातर कुकुर्बिटेसी (कद्दू वर्गीय)सब्जी परिवार से संबंधित हैं और अन्य जैसे लाल भिंडी (काशी लालिमा),जो आईसीएआर-आईआईवीआर-भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान,वाराणसी यूपी द्वारा विकसित की गई हैं। इस प्रजाति की उपज अच्छी है। और इस क्षेत्र के लिए सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहीं है। कुलपति प्रो भरत मिश्र ने इन ग्रीष्मकालीन कामर्शियल सब्जियों के प्रक्षेत्र को देखा तथा काशी लालिमा भिंडी की सराहना किया। इस मौके पर कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ एस पी मिश्र ने जैविक खेती-स्टार्ट अप पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत जैविक खाद्य-पदार्थों के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। कई स्टार्टअप और एफपीओ आर्गेनिक फुड के निर्यात व्यवसाय में स्थापित हो रहें हैं। दुनिया को स्वस्थ,पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली की ओर बढ़ने के साथ भारत में जैविक खाद्य बाजार मजबूती से बढ रहा है। सरकार द्वारा क्रियान्वित स्टार्ट अप प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जैविक खेती की समझ और बेहतर प्रंबधन क्षमता के साथ यह एक बेहतर विकल्प बनकर उभर रहा है।आज हमें सब कुछ आर्गेनिक ही चाहिए,जैविक भोजन,जैविक तेल,जैविक चिकन, जैविक त्वचा,जैविक परिधान भी। जैविक व्यवसाय,लघु उद्योग स्थापित करने और जैविक उत्पादों और आदानों की विपणन की योजनाएं व अनुदान के बारे में भी जानकारी दी।



### राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के स्पेशल मॉनीटर ने किया मैहर जेल का निरीक्षण

**सतना।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मॉनीटर बालकृष्ण गोयल ने बुधवार को अपने मैहर जिले के प्रवास के दौरान सबजेल मैहर का निरीक्षण किया। स्पेशल मॉनीटर ने जेल के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि कैदियों को गुणत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराएं तथा उनकी स्वास्थ्य सुविधाओं का ख्याल रखा जाए। महिला बंदियों के लिए चिकित्सा सुविधा के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें तथा उनके साथ रह रहे बच्चों को भी सभी सुविधाएं मिले। श्री गोयल ने निर्देश दिए कि जमानत मिलने के बाद कोई भी बंदी जेल में न रहे इस बात की सुनिश्चितता होनी चाहिये।

### सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण पर फोकस करें

**कलेक्टर मैहर ने टीएल बैठक में दिये निर्देश**

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड की अध्यक्षता में बुधवार को मैहर जिला कलेक्टर सभाकक्ष में टीएल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने टीएल पत्रों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुये लंबित शिकायतों को शीघ्र निराकृत कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्रीमती बाटड ने सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतो का निराकरण नहीं करने पर अधिकारियों के प्रति गहरी अप्रसन्नता व्यक्त की।उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतो का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्रीमती बाटड ने कहा कि जिन विभागों द्वारा 5 दिनो से अधिक सीएम हेल्पलाईन को अटेन्ड नहीं किया गया है। उन संबंधित विभाग के अधिकारियों को नोटिस जारी की जाये। साथ ही वेतन काटने की कार्यवाही भी की जाये। बैठक में जनपद सीईओ के द्वारा बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रो में खराब हैंडपप की संख्या बढ़ती जा रही है।पीचई विभाग द्वारा सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है और न ही विभाग द्वारा हैंडपंम्प सुधारने की सूचना स्थानीय अधिकारियों को दी जाती है। जिस पर कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि जब पीएचई विभाग का अमला हैंडपंप सुधार के लिए जिस ग्रामीण क्षेत्र में जाएगा, संबंधित अधिकारी या उस क्षेत्र के जनपद सीईओ को इसकी सूचना देगा। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में प्रत्येक स्तर पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो यह संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें,खराब हैंडपंप तुरंत सुधारें। बैठक में विद्यालयों के आस-पास किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश भी दिये गये।

## अध्ययन के लिए समर्पित हों, तो संसाधन कोई मायने नहीं रखते: कलेक्टर

**हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी में प्रदेश की मेरिट में आये जिले के छात्रों का सम्मान**

सतना।

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी की परीक्षा के परिणामों में प्रदेश की मेरिट में अपना स्थान बनाने वाले सतना जिले के मेधावी छात्रों को शुभकामना देते हुए कहा कि अध्ययन के प्रति समर्पित हों,तो संसाधन (रिसोर्स) कोई मायने नहीं रखते। मेधावी छात्र इसी मेहनत और लगन से अपने भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास करें। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को समारोहपूर्वक हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश की मेरिट में आये 5 छात्र और हायर सेकेण्डरी की मेरिट में आये 3 छात्र-छात्राओं को कलेक्टर ने प्रमाण-पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन,अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े,डिप्टी कलेक्टर गोविन्द सोनी,जिला शिक्षा अधिकारी नीरव दीक्षित,डीपीसी विष्णु त्रिपाठी,एडीपीसी गिरीश अग्निहोत्री,प्राचार्य सुशील श्रीवास्तव सहित मेरिट में आये छात्र-छात्राओं के अभिभावक और शैक्षणिक संस्था प्रमुख उपस्थित थे। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि बच्चों की सफलता में उनके माता-पिता और शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। आपकी सफलता में उनका संयुक्त परिश्रम भी शामिल रहता है। कलेक्टर ने कहा कि मेरिट में आये छात्रों के शासकीय-अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं की बराबर की भागीदारी यह साबित करती है कि सफलता के लिए संसाधनों का होना ही पर्याप्त कारण नहीं होते,बल्कि बच्चों की लगन और मेहनत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि उम्र के साथ जीवन में संघर्ष और चुनौतियां भी बढ़ती है। लेकिन मेहनती प्रयासों से सफलता भी बार-बार मिलती है। उन्होंने कहा कि हमें आगे बढ़ने के लिए पास के लाभ के बजाय दूर के नुकसान के बारे में पहले सोचना चाहिए।

**सम्मानित हुये मेरिट के 8 छात्र-छात्रायें-** सतना जिले के कुल 8 छात्र-छात्राओं ने हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी की परीक्षा में प्रदेश की मेरिट में अपना स्थान बनाया है। इनमें हाईस्कूल परीक्षा में 5 और हायर सेकण्डरी परीक्षा में 3 छात्र-छात्राओं ने प्रदेश की मेरिट में स्थान दर्ज कराया। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने मेरिट में आये छात्र-छात्राओं को उनके अभिभावकों और शिक्षकों के साथ सम्मानित किया।




### कलेक्टर मैहर ने भी मेधावी छात्रों को किया सम्मानित




हाई स्कूल और हायर सेकण्डरी की वर्ष 2023-24 की बोर्ड परीक्षा में राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले मैहर जिले के 3 विद्यार्थियों को बुधवार को कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने सम्मानित किया। कलेक्टर ने मेरिट में स्थान बनाने वाले मैहर जिले के छात्र ध्रुव विश्वकर्मा,रौनक सिंह बघेल और कु.शुचिता पांडेय को सम्मानित किया। इनमें सरस्वती शिशु मंदिर रामनगर के छात्र ध्रुव विश्वकर्मा ने हाईस्कूल परीक्षा में 500 के पूर्णांक में 485 अंक अर्जित कर मेरिट सूची में 10वां स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार हायर सेकण्डरी परीक्षा में गणित संकाय से शासकीय सीएम राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरपाटन के रौनक सिंह बघेल ने 500 के पूर्णांक में 483 अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में नौवां और ब्लूबैल्स उमावि मैहर की छात्रा कु. शुचिता पांडेय ने 482 अंक प्राप्त कर दसवां स्थान हासिल किया है।

**नाम सुधार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री शुभी जायवाल निवासी कृष्ण कालोनी, वार्ड क्रमांक 42, टिकुरिया टोला, सतना तह. रघुराजनगर, जिला-सतना म.प्र. आधार क्र. 624617897726 है। मेरी पुत्री की लाइफ इंश्योरेन्स पॉलिसी जिसका नम्बर 209215487 में रिद्धिमा जायसवाल लिखा है। रिद्धिमा और शुभी दोनों ही नाम मेरी पुत्री के हैं। जबकि उसके समस्त दस्तावेजों में उसका नाम शुभी जायसवाल अंकित है जो कि सही है। अस्तु आज दिनांक से मेरी पॉलिसी नम्बर 209215487 में मेरा नाम सुधारकर रिद्धिमा का जगह शुभी जायसवाल पढ़ा, लिखा, समझा जाय।

भवदीय-श्रीमती अमिता जायवाल पति श्री मोनू जायवाल
कृष्ण कालोनी, वार्ड क्रमांक 42,
टिकुरिया टोला, सतना तह. रघुराजनगर,
जिला-सतना म.प्र.

# एनडीआरएफ ने प्राकृतिक आपदा

# भूकंप पर जिला प्रशासन के सहयोग से किया मॉकड्रिल








## टाउन हॉल में आपदा प्रबंधन की बारीकियां बताईं

कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में आज आपदा प्रबंधन और राहत बचाव कार्य पर आधारित एक मॉक अभ्यास का आयोजन जिला मुख्यालय पन्ना के श्री जगन्नाथ स्वामी टाउन हॉल ऑडिटोरियम प्रांगण में किया गया।

पन्ना।

इस मॉक अभ्यास के प्रथम चरण में एनडीआरएफ अधिकारियों व जिला प्रशासन और एसडीईआरएफ, फायर विभाग, जिला पुलिस, होम गार्ड, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग तथा विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा बैठक कर मॉक अभ्यास की संपूर्ण रूपरेखा तैयार की गई, जबकि द्वितीय चरण में मॉक अभ्यास किया गया। अभ्यास के दौरान 7.1 तीव्रता के भूकंप से ऑडिटोरियम हाल के आंशिक रूप से गिर जाने का काल्पनिक दृश्य रखा गया, जिसमें दस से पंद्रह लोगों के दबे होने की सूचना देकर सर्च एवं रेस्क्यू के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम एवं अन्य एजेंसियों को बुलाया गया। इसमें गिरे हुए भवन के भीतर पहुंच बनाने तथा लोगों को निकालने के लिए दीवार एवं क्षत को काटा गया। फिर मेडिकल टीम ने घायलों को स्थिरता प्रदान करते हुए बाहर निकाला। इसी दौरान कुछ व्यक्ति बिल्डिंग की ऊपर वाली मंजिल पर फंस गए, जिनको एनडीआरएफ ने रोप रेस्क्यू के माध्यम से सुरक्षित नीचे उतारा। सभी एजेंसियों ने आपसी तालमेल एवं समन्वय से राहत एवं बचाव कार्य को पूरा किया। इसमें 11 एनडीआरएफ के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ के प्रभारी एवं उप कमांडेंट अनिल कुमार पाल उपस्थित रहे। साथ ही अग्निशमन विभाग, पुलिस, एसडीआरएफ एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं की टीमों द्वारा मॉक का संयुक्त अभ्यास किया गया। उप कमांडेंट श्री पाल ने बताया कि इस मॉक अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपदा में घायल और चोटिल व्यक्तियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना, सभी एजेंसियों का रिस्पॉस चेक करना व सभी स्टेकहोल्डर्स के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। मॉक अभ्यास में 11 एनडीआरएफ के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ से आयी एनडीआरएफ की 26 सदस्यीय टीम का नेतृत्व निरीक्षक पारसराम जाखड़ एवं सहायक उप निरीक्षक रंजन जायसवाल ने किया। इस अभ्यास के दौरान जिला पंचायत सीईओ संघप्रिय, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, एसडीएम संजय नागवंशी, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम, डिप्टी कलेक्टर आलोक मार्को एवं समीक्षा जैन, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित अन्य अधिकारीगण एवं कार्मिक भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रगीत का हुआ सामूहिक गायन



**पन्ना।** मई माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रगीत वंदे-मातरम का सामूहिक गायन हुआ। राष्ट्रगीत के गायन के बाद शासकीय कार्य की शुरूआत की गई। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### भागवत कथा भगवान के 24 अवतारों का वर्णन



**पन्ना।** नगर के रानीगंज मोहल्ला गुरुद्वारा के पीछे खेर माता मार्ग पर पुत्र जन्म के उपलक्ष में यादव परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा व्यास पंडित श्री प्रमोद कृष्ण जी महाराज ने कथा के दूसरे दिन भगवान श्री कृष्ण के 24 अवतारों की कथा का विस्तार से वर्णन किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सत्य बोलना सत्य के मार्ग पर चलना ही प्रथम धर्म है। जो व्यक्ति सत्य का साथ देता है वह हमेशा सुखी जीवन जीता है।जो व्यक्ति झूठ बोलता है वह व्यक्ति इस श्लोक और परलोक में कभी सुखी नहीं रह सकता है, उसके घर में हमेशा व्याधियां व्याप्त रहती हैं। कथा के मुख्य यजवान भवानी दीन यादव एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुननी यादव है। यादव परिवार ने नगर के सभी भगवत प्रेमियों से आग्रह किया है कि शाम 4 बजे से शाम 8 बजे तक भागवत कथा का रसपान करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में कथा पंडाल में पहुंचकर धर्म लाभ उठाएं।

### कार चालक ने ऑटो को पीछे से मारी टक्कर



**पन्ना।** जिले के पवई-कटनी रोड में ऑटो में अनाज लेकर कटनी की ओर जा रहे चाचा भतीजे को शराब के नशे में धुत्त एक कार चालक के द्वारा पीछे से टक्कर मार दी गई जिससे ऑटो सड़क किनारे खाई में पलट गया और दोनों चाचा भतीजे घायल हो कर बेहोश हो गए। घायल एवं बेहोश चाचा भतीजे को तड़पता हुआ छोड़कर कार चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों के द्वारा किसी तरह दोनों घायलों को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया और घायलों के मोबाइलों से प्राप्त नंबरों पर फोन करके परिवार के सदस्यों को सूचना दी, जिस पर परिवार के सदस्य अमानगंज अस्पताल पहुंचे, डॉक्टर ने घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार उपरांत जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया है जहां दोनों का इलाज चल रहा है। घटना में घायल रामजी अर्जरिया और उनका भतीजा अजय अर्जरिया दोनों निवासी अमानगंज के सिर कमर पैर एवं पीठ में चोटें आई हैं। चाचा का सिर फट गया है एवं भतीजे का कान कट गया है।

### कलेक्टर ने स्ट्रांग रुम का किया निरीक्षण



**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा प्रतिदिन सुबह-शाम शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना पहुंचकर स्ट्रांग रुम स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार को भी सुबह जिला कलेक्टर द्वारा निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी और एलईडी टीवी की जांच कर सुरक्षा प्रहरियों को पूरी सजगता के साथ पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनाए रखने के निर्देश दिए।

### श्री गंगा सिंह का निधन



**पन्ना।** पन्ना के टीवी इतिहास के प्रथम पुरुष पीएचएन केबिल नेटवर्क के संस्थापक व योगेंद्र सिंह राजेन बाबू के पिता श्री गंगा सिंह जी के देह अवसान की दुःखद खबर है। परमात्मा से पवित्र आत्मा को अपने हृदय कमल में स्थान देने व परिजनों को इस अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं।

## सिलिकोसिस पीड़ित मजदूर, बुनियादी अधिकारों के लिए कर रहे संघर्ष

पन्ना।

जिले के पत्थर की खदानों में काम कर, अपना एवं अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले मजदूरी पर आश्रित सैकड़ों परिवारों के लोग आज सिलिकोसिस की ला ईलाज बीमारी से पीड़ति हैं। जिले में सिलिकोसिस की वर्तमान स्थिति की बात करें तो, अभी तक इस जान लेवा बीमारी से पीड़ति एवं प्रमाणित 45 मजदूरों में से 27 मजदूरों की मौत हो चुकी है। इन 27 मृत मजदूरों में से 20 मजदूरों के परिवारों को ही तीन - तीन लाख रुपये की सहायता राशि प्राप्त हो चुकी है। वर्ष 2022 में मृत 03,वर्ष 2023 में मृत 03 एवं वर्ष 2024 में मृत 01 मजदूरों के परिवारों को अभी तक सहायता राशि प्राप्त नहीं हो सकी है। जबकि सम्बंधित परिवार के सदस्यों द्वारा समय पर अपने दस्तावेज श्रम विभाग में जमा किये गए थे। इन मजदूरों के परिवारों को स्वास्थ्य विभाग से मिलने वाली 1500 रुपये राशि प्रति मृतक परिवार को एक्सग्रेशिया राशि प्राप्त हो चुकी है। जिले के मजदूरों में सिलिकोसिस जैसी जानलेवा बीमारी के प्रमाणित होने के बाद भी जिला एवं जिला चिकित्सालय में सिलिकोसिस पीड़तों की जांच की कोई विशेष व्यवस्था नहीं है। जिला चिकित्सालय इस बीमारी की जांच के लिए प्रशिक्षित टीम नहीं है। सिलिकोसिस की जांच की अलग



कोई व्यवस्था नहीं है और न ही ईलाज की कोई सुविधा है। इस बीमारी से पीड़तों को भी टी. बी. का ही इलाज किया जाता है जिससे बीमार व्यक्ति की तकलीफ और अधिक गंभीर हो जाती है। दिनांक 30 अप्रैल 2024 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय में सिलिकोसिस के मामले में विचाराधीन जनहित याचिका क्रमांक 110/2006 में सुनवाई हुई। याचिका में सिलिकोसिस पीड़ति संघ की ओर से पैरवी करते हुये वरिष्ठ अधिवक्ता श्री प्रशांत भूषण ने तथ्य प्रस्तुत करते हुये कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले आदेश में सिलिकोसिस के लिए जिम्मेदार देश भर की फेक्ट्रियों की जाँच कर एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी गयी थी परंतु केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने केवल गुजरात की 35 फेक्ट्रियों की जाँच रिपोर्ट माननीय न्यायालय में प्रस्तुत की है। ये फेक्ट्रियां न केवल पर्यावरणीय कानूनों का उल्लंघन कर रही है बल्कि इसके मानवीय स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहे है। साथ ही पर्यावरणीय कानूनों पालन नहीं करने वाली सभी फेक्ट्रियों को तुरंत बंद करवाने की मांग की। सर्वोच्च न्यायालय ने सिलिकोसिस मृतकों को मुआवजा नही देने पर सभी राज्य सरकारों से जवाब मांगा है। आज की सुनवाई में सिलिकोसिस से मध्यप्रदेश के धार झाबुआ अलीराजपुर, पन्ना और विदिशा के 274 मृत पीड़तों को मुआवजा नहीं मिलने की बात भी माननीय न्यायालय के समक्ष उठाई गयी और सभी सिलिकोसिस पीड़तों के पुनर्वास के लिए मांग की गई।

## ''राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान'' पुरस्कार: श्री चन्द्रशेखर सिंह लोधी को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

पन्ना।




जिले के ग्राम खोरा सरवंशी निवासी चंद्रशेखर सिंह शिक्षक जिन्होंने समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों शिक्षा ,रोजगार ,पर्यावरण एवं मानव अधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता पैदा करने हेतु विभिन्न संगठनों के साथ जुड़कर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक शिक्षा के प्रचार प्रसार करने में इन्होंने सराहनीय योगदान दिया ,जिन्हें स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है ,उनके समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए योगदान हेतु राष्ट्रीय संस्था गोल्डन स्पैरोज द्वारा 28 अप्रैल 2024 को दिल्ली में प्रधानमंत्री संग्रहालय परिसर स्थित तीन मूर्ति भवन में आयोजित सम्मान समारोह में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जानी-मानी बॉलीवुड अभिनेत्री सुधा चंद्रन प्रसिद्ध भारतीय भरतनाट्यम डांसर और फिल्म एक्ट्रेस के द्वारा ''राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान'' पुरस्कार से प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। चंद्रशेखर सिंह का सम्मान हम सभी के लिए गौरव की बात है उन्होंने अपने गांव ,क्षेत्र , जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह सम्मान देश के लिए विभिन्न क्षेत्रों में रचनात्मक कार्य करने वाले सैकड़ों विभूतियों को प्रदान किया गया है। समारोह मे विशिष्ट अतिथि के रुप में श्री श्री 1008 स्वामी राजेश्वरानंद महाराज अध्यक्ष श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर समूह, श्री सोनाम योडेन हेड माक थृंगु बाजरा मार्क विद्या इंस्टिट्यूट सारनाथ ,डॉक्टर पुष्पेंद्र प्रताप सिंह कंट्री हेड एशिया शिपिंग एक्सपर्ट सोशलिस्ट और फिलैंथरोपिस्ट, ईश्वर किशन लाल अग्रवाल अध्यक्ष एसएमएस ट्रस्ट तथा कार्यक्रम डायरेक्टर तिलक तनवर गिनेज वर्ल्ड रिकार्ड, आर.जे.आरती मल्होत्रा ऑल इंडिया रेडियो।

## पटना तमोली ग्राम पंचायत के तालाब से रातों रात अतिक्रमणकारियों के द्वारा किये गये

# अतिक्रमण पर चली जेसीबी, हटाया गया कब्जा





### कलेक्टर सुरेश कुमार की कार्यप्रणाली कानून अभी भी लोगों पर जमीनी स्तर पर भारी

पन्ना।

कानून का राज अभी भी कायम है यह साबित किया कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार ने आचार संहिता के समय पटनातमोली पंचायत के तालाब पर सोची समझी रणनीति के तहत अतिक्रमणकारी अतिक्रमण कर रहे थे। जहां कलेक्टर के संज्ञान में मामला आया तो एसडीएम गुनौर व तहसीलदार गुनौर ने जमीनी स्तर पर जेसीबी लेकर अतिक्रमणकारियों के द्वारा किये गये अतिक्रमण को रातोंरात हटाया। कानून अभी कायम है साबित किया कलेक्टर पन्ना की कार्यप्रणाली आम आदमी के द्वारा सराही गई।

निश्चितौर पर जिला दण्डाधिकारी जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार की कार्यप्रणाली आज कानून अभी अपना काम करने में सक्षम है यह साबित किया। जमीनी स्तर पर गुनौर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पटना तमोली के तालाब की वेश कीमती जमीन में जहां लोगो के द्वारा सोची समझी रणनीति के तहत आचार संहिता के समय अतिक्रमण कर अपने आशियाने बनाये जा रहे थे। यहां पंचायत चुनाव आया तो गढ्डे खुद, पिलर बने, विधानसभा चुनाव आया तो बीम छत लेबिल तक पहुंच गई लोकसभा चुनाव आया तो छत भी पड़ गई। देखते ही देखते नये अतिक्रमण भी चालू थे। हरिभूमि संवाददाता ने प्राथमिकता से तालाब की जमीन या तालाब बचाने के लिए मुहिम चलाई कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार से उक्त मामले पर जांच व कार्यवाही को लेकर जाना गया। परिणाम सामने आया एसडीएम गुनौर तहसीलदार गुनौर ने जहां जमीनी स्तर पर जेसीबी मशीन भेजकर थाना प्रभारी सलेहा सरिता तिवारी व पुलिस बल के साथ जहां मौजूद रही। तत्परता से कार्यवाही को अंजाम दिया गया। अतिक्रमणकारियों के द्वारा जो अतिक्रमण सतत किये जा रहे थे उन्हें हटाया गया। वहीं आज भी जो अतिक्रमण तालाब में करके पक्के मकान बना लिये गये उस पर तहसील प्रशासन गुनौर आगे भी अपनी कार्यवाही को नियमानुसार करते हुए अतिक्रमणकारियों से तालाब की जमीन मुक्त कराने के लिए दिशा तय की जायेगी। साथ ही नये अतिक्रमण कम से कम जो हो रहे थे इन पर इस कार्यवाही से विराम लगा। साथ ही कानून का राज अभी कायम है यह साबित कर दिखाया जिला दण्डाधिकारी या कलेक्टर सुरेश कुमार ने। आम आदमी का विश्वास तभी कायम होता है जब जमीनी स्तर पर कानून का पालन कराये जाने को लेकर जिम्मेदार अधिकारी उसे अंजाम देते है। जो विगत दिवस रात्रि को पटना तमोली तालाब में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही तय की गई उससे कहीं न कहीं प्रशासन तो नजर आया वहीं बात करें तो यह एक दिन में अतिक्रमण नहीं होता संबंधित हल्का पटवारी ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत के सरंपच के मिलीभगत के चलते यह दास्ता मानी जा रही है। जब जिम्मेदार ही अतिक्रमणकारियों के साथ मिलीभगत की दास्ता निभायेगें तो फिर तभी तो इस तरह के हालात कायम होते है। वह तो जिला प्रशासन के मुखिया के सोच के चलते कार्यवाही जो हुई उससे आम आदमी में जागा विश्वास अभी भी कानून का राज कायम है। साथ ही बात करें जिन्होंने पक्के मकान बनाकर तालाब की बेशकीमती जमीन हड़प ली इन पर भी कब जेसीबी चलेगी इसका है इंतजार कानूनी कार्यवाही अभी भी जारी। लोगों में तभी पारदर्शिता सामने आयेगी इन्हीं को देखकर तो दूसरों ने अतिक्रमण किया इन पर भी कार्यवाही लाजमी।



## रास्ता रोककर लूट करने वाले गिरोह के 7 आरोपी गिरफ्तार

### मोटर साइकिल लूट इंजन निकाल कर आरोपी ने डाल लिया था अपनी गाड़ी में

गुनौर ।

लूटी गई मोटरसाइकिल कीमती करीबन 80 हजार रुपए , नगद राशि 21,350/- रुपये, घटना में लिप्त दो मोटरसाइकिलें कीमती करीबन एक लाख रुपए सहित अन्य लूटी सामग्री गुनौर पुलिस ने की बरामद* फरियादी के द्वारा थाना गुनौर उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 19-20 अप्रैल 2024 की दरमियानी रात को 01.30 बजे जब वह गुनौर से सलगाड़ा तरफ अकेले मोटरसाइकिल चलाकर मुख्य रोड से जा रहा था तभी पुरैना तिराहा पर कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा उसका रास्ता रोककर मारपीट करके जबरदस्ती उसकी मोटरसाइकिल, मोबाइल और जेब में रखी नगद राशि को छीन कर लूट कर दी है. मामला गंभीर प्रकृति का पाए जाने से थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के द्वारा घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को प्रदान की गई. पन्ना पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्ण एस. थोटा के द्वारा थाना प्रभारी गुनौर को घटना के संबंध में साक्ष्य एकत्रित कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश किया गए थे. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह , एसडीओपी गुनौर श्री एडवर्ड ग्लैडविन कार के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी गुनौर के द्वारा तकनीकी साक्ष्यों का बारीकी से अध्ययन किया गया एवं अपने मुखबिर तंत्र को मजबूत किया गया. पुलिस द्वारा किए गए सार्थक प्रयासों के परिणाम स्वरूप उक्त घटना के समस्त आरोपीगणों की पहचान की गयी एवं आरोपीगणों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई जिनके द्वारा पूछताछ पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया गया कि उनके द्वारा घटना दिनांक को प्रकरण के फरियादी को अकेला जानकर उसके साथ मारपीट कर मोटरसाइकिल सहित अन्य सामग्री लूट ली थी एवं उनके द्वारा लूटी गई सामग्री को बेचने का काम किया जाता है पूछताछ पर उनके द्वारा स्वीकार किया गया है कि इससे पहले दिनांक 5 जनवरी 2024 को भी इनके द्वारा गुनौर कटन मार्ग पर मोटरसाइकिल रोककर लूट की गई थी .आरोपीगणों के द्वारा लूटी गई मोटरसाइकिल कीमती करीबन 80 हजार रुपए , नगद राशि 21,350/- रुपये, घटना में लिप्त दो मोटरसाइकिलें कीमती करीबन एक लाख रुपए सहित अन्य लूटी सामग्री को गुनौर पुलिस ने बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है . पन्ना पुलिस अधीक्षक के द्वारा समस्त टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है.*महत्वपूर्ण भूमिका* - उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गुन्नौर निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में महिला उप निरीक्षक मनोरमा मौर्य , उप निरीक्षक अनिल सिंह साइबरसेल पन्ना, सहायक उप निरीक्षक अशोक गौतम, प्रधान आरक्षक राकेश कुमार अहिरवार ,आरक्षक शिवेंद्र मिश्रा, आरक्षक रणधीर सिंह, आरक्षक चालक बृजेश सिंह , आरक्षक राजकुमार गौंड, आरक्षक वीनस पांडे सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही.



## टाईगर रिजर्व की हथिनी कृष्णकली ने मादा बच्चे को दिया जन्म

**पन्ना।** पन्ना टाईगर रिजर्व में हाथियों का कुनवा अपने आप में यहां टाईगर रिजर्व की शान को लेकर जाना जाता है। इस कुनबे में मादा बच्चे को जन्म देने वाली हथिनी कृष्णकली ने आज शाम लगभग 4 बजे जन्म दिया। वन परिक्षेत्र राजा बरिया कैम्प में जहां यह खुशी आई निश्चितौर पर पन्ना टाईगर रिजर्व में मादा हांथी के बच्चे के रूप में यह खुशी अपने आप में टाईगर रिजर्व परिवार तथा प्रकृति प्रेमी सभी के लिए अच्छी खबर सामने आई। निश्चित ही हांथियों के परिवार में कुनवे की बढ़ोतरी के लिए मादा हाथी इस परिवार में आगे भी जानी जायेगी। हांथियों के द्वारा समय-समय पर बाघों की सुरक्षा को लेकर जिस तरह से पार्क प्रबंधन के लिए जरूरी माना जाता है वहीं बाघों को क्षेत्र छुड़ाने व लौटाने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। तभी तो हमारे पन्ना टाईगर रिजर्व की शान को लेकर हांथियों के कुनबे को लेकर भी जाना जाता है।

### दो मोटर साइकिलों की आमने सामने हुई भिड़ंत में 2 युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

**पन्ना।** जिले के देवेंद्रनगर थाना अंतर्गत 2 भाइयों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में 2 युवक घायल हो गए। घटना के संबंध में बताया गया है कि शिवम दहायत और धीरू चौधरी दोनों देवेंद्र नगर से ग्राम भिलशांय जा रहे थे तभी मोड़ पर सामने से आ रही मोटरसाइकिल से भिड़ंत हो गई जिसमें शिवम दहायत और धीरू चौधरी दोनों घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों के द्वारा देवेंद्र नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से डॉक्टर के द्वारा घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल पन्ना रेफर कर दिया गया है। घायलों के पैर कमर एवं हाथों में चोट बताई जा रही है।

# तेज रफ्तार बस ने मारी बाइक सवार को टक्कर मौके पर 1 की मौत, एक गंभीर घायल

छतरपुर।

सागर रोड पर ग्राम चौका के पास ओम साईं राम बस ने श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के सामने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर सामने से मार दी। इतना भीषण हादसा था कि 34 साल के शैलेन्द्र सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। तो वहीं दूसरे को पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। मातगुवां पुलिस ने बताया कि बस को थाने में ले आए हैं, ड्राइवर कंडक्टर मौके से फरार मिले।




हादसे की जानकारी के मुताबिक श्रीकृष्णा विश्वविद्यालय में पदस्थ 34 वर्षीय शैलेन्द्र सिंह निवासी मौदाहा जिला हमीरपुर एवं उनके साथी रवि विश्वकर्मा निवासी सीताराम कॉलोनी विश्वविद्यालय से काम खत्म करने के बाद वापस छतरपुर की तरफ आ रहे थे तभी बिजावर से छतरपुर की ओर आ रही एक यात्री बस ने बाईक पर सवार इन लोगों को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि 34 साल के शैलेन्द्र सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि रवि विश्वकर्मा को गंभीर हालत में एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खबर लगते ही मातगुवां थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा सहित पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया।

# 7 पेटी अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर**। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में सिटी कोतवाली पुलिस को 30 अप्रैल 2024 को मुखबिर की सूचना पर निरीक्षक अरविंद कुजूर एवं पुलिस टीम अवैध शराब संग्रह संबंधी स्थान पर पहुंचे। मुस्कान ढ़ावा के पीछे महोबा रोड पर आरोपी आकाश अहिरवार पिता चमन अहिरवार, उम्र 21 वर्ष, निवासी टौरिया मोहल्ला वार्ड नंबर-06 के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री हेतु रखे हुये 07 पेटी प्रिंस लेमन कंपनी की देशी शराब कीमती 28 हजार रूपये की जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना कोतवाली छतरपुर में अप.क्र.211/24, धारा-34(2) आबकारी अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी विंध्याचल में मजदूर दिवस के अवसर पर श्रमिकों के समर्पण को सम्मानित किया गया




**सिंगरौली**। एनटीपीसी विंध्याचल ने 1 मई 2024 को मनाए गए श्रमिक दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से कंपनी के श्रमिकों के समर्पण को सम्मानित किया गया और उनका योगदान माना गया। इस मौके पर स्टेज 4 श्रमिक आराम घरों के स्थापना के साथ-साथ वॉटर कूलर और डेजर्ट कूलर्स भी लगाए गए, जो कार्यकर्ताओं की सुविधा को बढ़ावा देने के लिए हैं। एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक श्री ई सत्य फणी कुमार ने श्रमिकों के कल्याण के महत्व को बढ़ावा देने के लिए समर्पण की जरूरत को जोर दिया, खासकर गर्मी के मौसम में। उन्होंने सभी कर्मचारियों के लिए एक सामर्थक माहौल बनाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को उजागर किया, उनके समर्पण और मेहनत की सराहना की।कार्यक्रम में बोलते हुए, श्री ई सत्य फणी कुमार ने श्रमिक दिवस के महत्व पर चर्चा की, श्रमिकों के अधिकारों पर जोर दिया, और इस अवसर पर श्रमिकों को वर्म विशेष शुभकामनाएं भेजी। उन्होंने कंपनी की सफलता में श्रमिकों के अमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और उन्हें उनके कठिन परिश्रम की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में सुरक्षा के उपायों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया, जहां संबंधित अधिकारी सुरक्षा नियमों का पालन करने के महत्व को बताया और कार्यस्थल में घटनाएं रोकने के लिए सुरक्षित काम के माहौल की गारंटी दी। श्रमिकों को सुरक्षा नियमों और विधियों पर विस्तृत जानकारी दी गई, जो कंपनी के कर्मचारी कल्याण को प्राथमिकता देते हुए थी।सम्मान के रूप में, श्रमिकों को मिठाईयां वितरित की गईं, जो एनटीपीसी विंध्याचल परिवार में सहयोग और आभार की भावना को प्रतिष्ठित करती हैं। साथ ही, श्रमिकों को टोपियां भी प्रदान की गईं, जो कार्यकर्ताओं के बीच एकता और समरसता की भावना को प्रतिष्ठित करती हैं।

### खनिकों के सम्मान में एनसीएल आज आयोजित करेगी खनिक अभिनंदन दिवस 2024

**सिंगरौली**। भारत सरकार की सिंगरौली स्थित मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल), बुधवार (1 मई) को खनिक अभिनंदन दिवस 2024 का आयोजन कर रही है। एनसीएल स्टेडियम सिंगरौली में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री बी. साईराम बतौर मुख्य अतिथि और निदेशक (कार्मिक) श्री मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) श्री रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) श्री सुनील प्रसाद सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री रविंद्र प्रसाद, कंपनी जेसीसी सदस्य एवं सीएमओएआई प्रतिनिधि बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत में सुबह 9:30 बजे एनसीएल मुख्यालय में स्थित शहीद स्मारक स्थल पर शहीद कोयला योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी । इसके बाद एनसीएल सीएमडी के द्वारा ध्वजारोहण जाएगा। इसके साथ ही श्रमिक मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में कंपनी मुख्यालय के उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित भी किया जाएगा। केन्द्रीय कार्यक्रम का आयोजन शाम साढ़े चार बजे सिंगरौली स्थित एनसीएल स्टेडियम में किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा उद्बोधन दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मानकों पर एनसीएल की उत्कृष्ट परियोजनाओं व इकाइयों एवं कर्मियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

# कलेक्टर ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

छतरपुर। बुधवार को छतरपुर कलेक्टर संदीप जीआर ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में जिले और प्रदेश की मैरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जिला पंचायत सभाकक्ष में बुलाकर शील्ड और प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों को इसी तरह मन लगाकर पढ़ाई करने का मार्गदर्शन दिया और उनका उत्साहवर्धन भी किया। यहां पहुंचे विद्यार्थी भी कलेक्टर के हाथों सम्मानित होकर बेहद खुश नजर आए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# राहगीरों के लिये समाज सेवियों ने खोला निःशुल्क प्याऊ, महिलाएं जुटी सेवा में




**नौगांव**। बस स्टैण्ड के पास राहगीरों के लिये समाज सेवियों ने निःशुल्क प्याऊ बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुये खोला जिससे राहगीरों का गला तर रहे। महा शक्ति गौ पुत्र समिति के द्वारा यह प्याऊ पारासर मेडीकल के सामने शुरू किया गया। दिन भर यहां पर भीड़भाड़ रहती है और रात के वक्त दिल्ली की ओर जाने वाली बसे यहीं पर रूकती है निश्चितौर पर पानी यहीं से राहगीरो की प्यास दिन के साथ रात को मिटेगी। समिति के द्वारा मवेशियो के लिये भी अनेको स्थानों पर हौदियां रखवायी है और जिसके घर के या दुकान के सामने हौदी रखी गयी है। वहां मौजूद लोगो को भरने की जिम्मेदारी दी गयी है साथ में पक्षियों के लिये ओकरे भी टांगे है और उनमें पानी भरा गया जिससे पक्षी भी प्यासे न रहे। समिति के द्वारा मानव पशु व पक्षी के लिये गर्मी में पानी की व्यवस्था की गयी। इस दौरान तरूणा चौहान,इंदु अग्रवाल , मीनू अग्रवाल, नेहा चौहान, माधुरी पारासर, वीरेन्द्र पारासर , दिनेश अग्निहोत्री मौजूद रहे। नगर पालिका के द्वारा भी निःशुल्क प्याऊ चिहिन्त स्थानों पर शुरू कर दिये है जिससे गर्मी में लोगो की प्यास बुझ सके। नपा के द्वारा जो प्याऊ शुरू किये जाते है उसमें स्थानीय कुछ लोगों को रोजगा भी मुहैया हो जाता है।

# पुलिस ने 307 के पांच आरोपियों को कट्टा, कारतूस सहित किया गिरफ्तार



**लवकुशनगर**। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना प्रभारी लवकुशनगर ने अवैध हथियार रखने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

दिनांक 30 अप्रैल 24 को फरियादी रुद्र प्रताप सिंह पिता इंद्रजीत सिंह ठाकुर उम्र 22 साल निवासी गुड़ा कला थाना लवकुशनगर ने रिपोर्ट किया कि गांव के हल्के सिंह व उसके परिवार के कई लोगों ने एक राय होकर पुरानी रंजिश के चलते बासुदेव सिंह, राजेंद्र सिंह, रोहित सिंह के साथ जान से मारने की नियत से फरसा डंडे से मारपीट की है जो फरियादी की रिपोर्ट पर थाना लवकुश नगर में अपराध क्रमांक 163/ 24 धारा 147,148,149, 307, 323 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान मामले के पांच आरोपी पप्पू उर्फ बलवान सिंह पिता मुलायम सिंह उम्र 50 साल, भोलू और अर्जुन सिंह पिता हल्के सिंह उम्र 22 साल, विजय सिंह पिता पहलवान सिंह परिहार उम्र 28 साल, हल्के सिंह पिता जग्गू सिंह परिहार 60 साल, राजा भैया सिंह पिता पप्पू उर्फ बलवान सिंह परिहार उम्र 19 साल सभी निवासीगण ग्राम गुड़ा खुर्द थाना लवकुशनगर को गिरफ्तार किया गया। एक आरोपी विजय सिंह के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस जब्त किया गया है। उक्त आरोपी पर आम्र्स एक्ट की धारा का इजाफा कर सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। वहीं मामले के शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत सेन, उप निरीक्षक ज्ञान सिंह सहायक उप निरीक्षक जेपी अहिरवार, प्रधान आरक्षक बुद्ध सिंह, अनीस अहमद पुरुषोत्तम विश्वकर्मा माता बादल पटेल एवं आरक्षक रमाकांत तिवारी, उमेश वर्मा, हृदेश नायक, देव सिंह, सूरज शर्मा, चांद खान, बनमाली एवं विकास सिंह अमित चंदेल राहुल चौहान की अहम भूमिका रही।

# श्रमिक दिवस पर मेडिकल रिप्रजेंटेटिव एसोसिएशन ने आयोजित किया कार्यक्रम

## श्रमिक के खून पसीने से चमकता है मालिक का घरः वीरेन्द्र श्रीवास्तव कमिश्नर



**छतरपुर**। श्रम दिवस के अवसर पर मप्र मेडिकल रिप्रजेंटेटिव एसोसिएशन की जिला इकाई ने एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर एवं बैंक अधिकारी, कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी रहे वीरेन्द्र श्रीवास्तव शामिल हुए। उन्होंने कहा कि दुनिया में जो भी तरक्की हुई है वह श्रमिकों के खून पसीने से हुई है लेकिन आज भी श्रमिक वहीं के वहीं खड़े हैं। हमें इस पर विचार करना चाहिए कि मालिक के चेहरे पर चमक और खुशी देने वाले श्रमिक का जीवन भी बेहतर हो। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों के रूप में डॉ. सियाराम चौबे एवं कमल अवस्थी उपस्थित हुए। शहर के गुरूद्वारा के पीछे मेडिकल रिप्रजेंटेटिव एसोसिएशन की ओर से कार्यक्रम आयोजित हुआ। परंपरागत ढंग से भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्जवलन किया गया। अतिथियों ने श्रम दिवस के संबंध में अपने विचार रखे। विशिष्ट अतिथि डॉ. सियाराम चौबे ने कहा कि मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव अपने कंपनी की उपलब्धियां बताते हैं, दवाईयों के इस्तेमाल की जानकारी देते हैं। वास्तव में एमआर के द्वारा बताई गई दवाईयों को ही डॉक्टर मरीजों को उपलब्ध कराते हैं। आज की आपाधापी वाली जिंदगी में अध्ययन का समय नहीं मिल पाता इसलिए एमआर के सुझाव ही मरीजों के इलाज में सहायक होते हैं। विशिष्ट अतिथि कमल अवस्थी ने कहा कि जीवन में हमेशा संघर्ष होते हैं, यदि जीवन में संघर्ष नहीं है तो वह जीवन निराशामय हो जाता है। संघर्ष करते रहें और जीवन में आगे बढ़ते रहें। उन्होंने संगठन के रूप में एकजुट रहकर एक-दूसरे के हितों का ख्याल रखें और उनकी लड़ाई लड़ें। कार्यक्रम का संचालन सचिव विकास चौबे ने किया। आभार कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र नायक ने जताया। वहीं संगठन के उपाध्यक्ष श्री पाण्डेय, सहसचिव आरोग्य भारती, राजकुमार बाजपेयी सहित अन्य सदस्यों ने स्वागत किया।

## नौगांव उप पंजीयक कार्यालय के 40 वर्ष पूर्ण

# संजीव विमोचन तिवारी की मौजूदगी में स्थापना दिवस कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया



**नौगांव**। नौगांव उप पंजीयक कार्यालय में संजीव विमोचन तिवारी ने 1 मई 2024 को कार्यालय में भगवान राम लाल सरकार की मां लक्ष्मी की पूजा करने के बाद कार्यालय का कार्य शुरू किया। आज से 40 वर्ष पूर्व आज के ही दिन मध्य प्रदेश शासन विभाग द्वारा नौगांव में उप पंजीयक कार्यालय की स्थापना हुई थी। इसी उपलक्ष्य में कार्यालय में सभी कर्मचारी लेखक सेवा प्रदाता स्टांप विक्रेता और क्षेत्रीय जनता के बीच स्थापना दिवस मनाया गया प्रसाद वितरण किया गया।

मध्य प्रदेश शासन पंजीयन एवं मुद्रा विभाग द्वारा नौगांव तहसील कार्यालय में 1 मई 1984 को कार्यालय की स्थापना ट्रेजरी कोषालय कार्यालय में श्री व्ही के शंखधर की स्थापना से शुरू हुआ था। 2 माह बाद उनका स्थानांतरण हो जाने के कारण जतारा टीकमगढ़ के रहने वाले बीके जैन ने 18 जून को अपना पदभार ग्रहण किया था। 6 जुलाई 1990 तक नौगांव में पदस्थ रहे उनकी पदोन्नति होने के बाद वह नर्मदा पुरम होशंगाबाद में जिला पंजीयन बनाए गए।

छतरपुर जिले के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में निसार मोहम्मद के पुत्र युसूफ खान जिन्होंने पीएससी के बाद नौगांव में उप पंजीयन का पदभार ग्रहण किया था। उनके द्वारा एवं पीएससी से निकले कौशलेंद्र सिंह दोनों अधिकारियों ने नौगांव क्षेत्र में अद्भुत कार्य किया है। जनता से मिलनसार किसानों के हाथों की प्रशासन के हितों की रक्षा करते हुए प्रशासनिक काम किया उनका कार्यकाल आज भी नौगांव में याद किया जाता है। दमोह जबलपुर के रहने वाले धनीराम सेन एवं ब्ही एम कद्रे रूपनारायण शर्मा एवं ग्वालियर के नरेश शर्मा की पदस्थापना नौगांव में रही कटनी जबलपुर से जगदीश शुक्ला ने पदभार ग्रहण किया। उसके बाद छिंदवाड़ा से एस के देशभरताल अल्प समय के लिए नौगांव में अल्प समय के लिए पदस्थ रहे। ग्वालियर से विधि का ज्ञान रखने वाले अधिवक्ता का कार्य करते रहे कौशलेंद्र सिंह की पदस्थापना नौगांव में पदस्थ की गई। जिन्होंने 6 वर्षों तक नौगांव में अपनी सेवाएं दी नौगांव से इंदौर पदस्थापना हुई।

निवाड़ी के रहने वाले संजीव विमोचन तिवारी उप पंजीयक के पद पर बिजावर में पदस्थ रहे, लेकिन फरवरी 2024 से उप पंजीयक के पद पर पदस्थ है। वर्तमान में वह नौगांव और लवकुशनगर 2 जगह के प्रभारी के रूप में काम कर रहे हैं।

# शासन का पुस्तक मेला बना दिखावा, प्रचार प्रसार के अभाव में नहीं पहुंचे अभिभावक

**नौगांव**। शहर के उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा लगवाया दो दिवसीय पुस्तक मेला दिखावा मात्र साबित हुआ। रविवार से प्रारंभ हुआ मेला प्रचार प्रसार में अभाव में जरूरतमंदों के लिए लाभकारी साबित नहीं हुआ तो वहीं शिक्षा विभाग ने पुस्तक मेला मैदान की जगह कमरों में लगवाकर खानापूर्ति करते हुए करते हुए कागजी आदेश साबित हुआ है। प्रदेश सरकार ने निजी स्कूलों की पुस्तक और ड्रेस की लूट को खत्म करने के लिए निजी स्कूलों पर कार्रवाई करने के आदेश दिए थे।हालांकि, यह आदेश कुछ देरी से लागू हुए। लेकिन छतरपुर में इन आदेशों का कड़ाई से पालन नहीं किया गया। इसके बाद कलेक्टर द्वारा एक जांच टीम भी गठित की गई लेकिन वह जांच टीम भी एक कार्रवाई तो दूर प्रतिवेदन तक प्रस्तुत नहीं कर पाई। इसी बीच जिला प्रशासन ने जिला एवं ब्लॉक स्तर पर दो दिवसीय एक पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। अब मेले की टाइमिंग को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि जब 01 अप्रैल से शिक्षण सत्र शुरू हुआ है तो मेला महीने के आखिरी दो दिनों में क्यों लगवाया गया, जिसके चलते पुस्तक मेले का लोगों को कोई लाभ नहीं मिल सका क्योंकि ज्यादातर प्राइवेट स्कूलों में अध्यनरत विधार्थी मंहगे दामों पर कोर्स खरीद चुके हैं, और सरकारी स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों को शासन से निःशुल्क पुस्तकें वितरित होनी हैं। कलेक्टर के आदेश पर स्थानीय दुकानदारों ने उत्कृष्ट विद्यालय में पुस्तक मेला लगाया। जिसमे 4 दुकानें ही मात्र लगी पाई गई। नगर के बुंदेलखंड बुक डिपो, शारदा साहित्य सदन, अर्थ बुक डिपो एवं साहित्य मंदिर की दुकानों के संचालकों ने मेला में भाग लिया। प्रचार प्रसार के अभाव में कई स्कूलों के छात्र नहीं पहुंचे न ही स्कूल प्रबंधन। सुबह 11 बजे से 5 बजे तक आयोजित बुक मेले में पर किताबों ओर10 प्रतिशत की छूट तो नोट बुक पर 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव में लोगों को लाभ नहीं मिल सका।

नौगांव शहर के उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित पुस्तक मेले को मैदान में न लगवाकर स्कूल के कमरों में लगवाया गया, साथ ही मेले में न तो पुस्तक विक्रेताओं ने रुचि दिखाई और न ही स्कूल संचालकों ने रुचि ली, जिसके चलते पुस्तक मेले का सही तरीके एस इप्रचार प्रसार न होने से इस पुस्तक मेले का लाभ मिलता दिखाई नहीं दिया।



### इनका कहना है -

शासन के निर्देश पर छात्रों को कम मूल्य पर पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुस्तक मेले का आयोजन किया गया था, गर्मी होने के कारण मेला मैदान में न लगवाकर स्कूल के कक्षों में आयोजित किया गया है।

**अनुराग करे**
**बीआरसीसी**
**जनपद शिक्षा केंद्र, नौगांव**

## एनटीपीसी विंध्याचल में बालिका सशक्तिकरण अभियान '24 हेतु मेडिकल स्क्रीनिंग कैंप केए आयोजन

**सिंगरौली**। एनटीपीसी विंध्याचल ने हाल ही में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024 के लिए एक उत्कृष्ट दो-दिन की मेडिकल स्क्रीनिंग कैंप का सफल आयोजन किया। यह कैंप, विंध्याचल के मैत्री - सभागर में 29 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2024 तक आयोजित किया गया और 18 विभिन्न गाँवों से 119 बालिका छात्राओं की भागीदारी ली। इस स्क्रीनिंग कैंप का मुख्य उद्देश्य इन बालिकाओं के स्वास्थ्य और कल्याण का मूल्यांकन करना था, जो आगामी 4 सप्ताहीय GEM 2024 प्रोग्राम में प्रवेश के पूर्व किया गया।यह प्रोग्राम 19 मई, 2024 से शुरू होकर 15 जून, 2024 तक चलेगा और इन लड़कियों को मौलिक शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, और स्वायत्त रक्षा कौशलों से सशक्त करने का उद्देश्य है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. भीमेश चंद्र चतुर्वेदी के अभिन्न मार्गदर्शन में, एक समर्पित डॉक्टरों की टीम ने सभी सहभागियों के लिए सम्पूर्ण चिकित्सा जाँच की। यह मेडिकल स्क्रीनिंग कैंप न केवल तत्काल स्वास्थ्य सम्बंधित मुद्दों का समाधान किया, बल्कि आगामी GEM 2024 प्रोग्राम के लिए एक मजबूत आधार रखा। एनटीपीसी विंध्याचल ने उन इनिशिएटिव्स का समर्थन जारी रखा है, जो लड़कियों को सशक्त करते हैं और उन्हें समर्थ और समावेशी भविष्य के लिए साधना करते हैं।

## खबर संक्षेप

### शहर के अतिक्रमण पर नगर निगम अधिकारियों द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है



**रीवा।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बढ़ रहे अतिक्रमण पर अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 01.05.2024 को कैलाशपुरी मोड़ से विश्वविद्यालय के सामने तक व विश्वविद्यालय गेट से एमबीए कालेज के सामने तक अतिक्रमण कर रखी गई गोमतियों के संचालको को सूचना दी गई कि गोमतियों को तत्काल यहाँ से हटा ले अन्यथा तोड़ दिया जावेगा अथवा जप्ती की कार्यवाही भी की जावेगी। साथ ही नगर निगम क्षेत्रांतर्गत एसएफ चैराहा से पीटीएस चैराहा तक सड़क पटरी में किये गये अस्थाई अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्यवाही अतिक्रमण प्रभारी द्वारा की गई। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ उड़नदस्ता दल मौजूद रहा।

### प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान पाने वाली अंशिका बनना चाहती है आईएएस आफीसर



**रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की वर्ष 2024 की प्रावीण्य सूची में 12वीं कक्षा के गणित संकाय में प्रथम स्थान पाने वाली अंशिका मिश्रा आगे चलकर आईएएस आफीसर बनना चाहती है। शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल नीम चौराहा से शिक्षा प्राप्त करने वाली अंशिका ने गणित संकाय में 500 में से 493 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। अंशिका अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों व शिक्षकों को देती हैं। वह विद्यार्थियों से पूरी लगन के साथ अपना लक्ष्य लेकर पाठक्रम के अनुसार पढ़ाई करने की बात कहती हैं। उन्होंने आईएएस बनकर समाजसेवा करने का अपना संकल्प बताया।

### जर्जर दीवाल ढही, एक की मौत तीन घायल



रीवा । जिले के चोरहटा थाना अंतर्गत वीरखाम चौरा मे अचानक जर्जर दीवाल गिर गई। जिसमें चार लोग दब गए जिसमें एक की मौत हो गई ,जबकि तीन घायल है । घायल के परिजन ने बताया कि शिवलाल बुनकर के द्वारा पुरानी दीवाल को गिराया जा रहा था । अचानक पूरी दीवाल गिर गई। जिसमें घर के चार सदस्य दब गए ।घटना की जानकारी के बाद मौके अफरातफरी का माहौल निर्मित हो गया ।घायलों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल पहुंचा गया जहां शिवलाल बुनकर गंभीर रूप से घायल की मौत हो गई जबकि तीन लोग जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं । फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा के मेरिट सूची के विद्यार्थियों को किया सम्मानित










**मेरिट में आकर आपने अभिभावक, गुरूजन और पूरे समाज का नाम ऊँचा किया है सफलता का केवल एक ही मूलमंत्र है लगन से कड़ी मेहनत करना - कलेक्टर**

हाल ही में माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 12वीं और 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इनकी मेरिट सूची में रीवा जिले के 20 विद्यार्थियों ने स्थान बनाया। जिसमें से कक्षा 12वीं के 7 तथा कक्षा 10वीं के 13 विद्यार्थी शामिल हैं।

रीवा

इनमें एक मूकबधिर छात्रा भी शामिल है। रीवा जिले की कक्षा 12वीं की छात्रा अंशिका मिश्रा ने गणित संकाय में 493 अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मेरिट में स्थान बनाने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं पुस्तक देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि रीवा जिले के 20 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर जिले का गौरव बढ़ाया है। आप सबकी कड़ी मेहनत और लगन ने अभिभावकों और गुरूजनों का मान बढ़ाया है। आप सबने मेरिट सूची में स्थान बनाकर अपने परिवार, समाज और पूरे जिले का नाम उँचा किया है। इसके लिए मैं सभी को कोटि-कोटि बधाई देती हूँ। सफलता कैसे प्राप्त की जाती है यह बताने की आपको आवश्यकता नहीं है। आप सभी अपने साथ ही विद्यार्थियों को भी उचित सलाह और सहयोग देकर उन्हें प्रेरित करें। मैं चाहती हूँ कि जब अगले वर्ष बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम घोषित हो तो उसमें मेरिट सूची में इतने विद्यार्थी हों कि यह हाल छोटा पड़ जाए।

कलेक्टर ने कहा कि सफलता प्राप्त करने का मूलमंत्र यही है कि लगन के साथ कड़ी मेहनत करें। अपनी रूचि के अनुसार विषयों का चयन करके कॅरियर के बारे में अभी से पूरी प्लानिंग करें। विषय को गहराई से पढ़ने का प्रयास करें। किसी भी तरह की असफलता मिलने पर निराश न हों। कमी कहाँ रह गई जिसके कारण असफलता मिली। कमी को दूर कर नए उत्साह के साथ प्रयास करें। असफलता हमेशा हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। शिक्षकगण अपने विद्यार्थियों को अपने कॅरियर के संबंध में सही मार्गदर्शन दें। बोर्ड परीक्षा परिणामों में विज्ञान की ही तरह कला संकाय के विद्यार्थियों ने भी बड़ी संख्या में मेरिट में स्थान बनाया है। जो कठिन परिश्रम करेगा उसे अच्छे परिणाम अवश्य मिलेंगे। सफलता प्राप्त करने के लिए कड़े परिश्रम के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। आप जब अच्छी सफलता प्राप्त करेंगे तो आपके साथियों, परिवारजनों और पूरे समाज का आपके प्रति दृष्टिकोण परिवर्तित होगा। रीवा जिला हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। आप सब शिक्षा के क्षेत्र में आगे भी रीवा जिले का नाम रोशन करें। समारोह में अतिथियों का स्वागत तथा आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता ने किया।

समारोह में कलेक्टर ने कक्षा 12वीं की मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अंशिका मिश्रा को सम्मानित किया। समारोह में गणित संकाय में मेरिट में सातवां स्थान प्राप्त करने वाले अतुलमणि त्रिपाठी, 10वां स्थान प्राप्त करने वाले कृष मिश्रा तथा प्रिंस पटेल एवं जीव विज्ञान संकाय में चौथा स्थान प्राप्त करने वाली सोनम पटेल, नौवां स्थान प्राप्त करने वाली शिवानी कोरी तथा दसवां स्थान प्राप्त करने वाली सौम्या मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। समारोह में कक्षा 10वीं की मेरिट सूची में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली स्नेहा पटेल, चौथा स्थान पाने वाली सौम्या सिंह, आठवां स्थान प्राप्त करने वाली स्वाती सिंह पटेल, देवेश कुमार पाण्डेय तथा युवराज विश्वकर्मा को भी सम्मानित किया गया। मेरिट सूची में दसवां स्थान प्राप्त करने वाले 7 विद्यार्थियों में शामिल साक्षी द्विवेदी, ईशान पाठक, चन्द्रेश मिश्रा, कनक ताम्रकार, ऋषभ त्रिपाठी, निर्भय सिंह तथा रिद्धिमा सिंह को भी सम्मानित किया गया। समारोह में करतल ध्वनि के बीच मूकबधिर श्रेणी में कक्षा दसवीं में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली आर्या वर्मा को सम्मानित किया गया। समारोह में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, सहायक कलेक्टर सोनाली देव, सहायक कलेक्टर टी प्रपंज, प्राचार्य डाइट जीपी उपाध्याय, विद्यार्थियों के अभिभावकगण तथा शिक्षक उपस्थित रहे।




# रीवा मेडिकल कॉलेज से लगातार पलायन कर रहे हैं डॉक्टर

**रीवा।** श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर छोड़कर जा रहे हैं। कई डॉक्टर छोड़कर सतना सहित अन्य कॉलेजों में ज्वाइन कर चुके हैं। अब जो बचे हैं, वह भी जाने की तैयारी में हैं। कई डॉक्टरों ने एनओसी ले ली है। ऐसे में एमबीबीएस की परीक्षा में हालात ऐसे हैं कि इंटरनल के लिए भी पड़ोसी जिला से शिक्षकों को बुलाना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि मप्र सरकार धड़ाधड़ मेडिकल कॉलेज की घोषणा कर रही है। प्रदेश में अब 19 मेडिकल कॉलेज हो गए हैं। कई मेडिकल कॉलेज शुरू हो गए हैं। इन कॉलेजों में प्रवेश की तैयारी है। इसके पहले शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसका असर वर्तमान में संचालित मेडिकल कॉलेजों पर पड़ रहा है। श्याम शाह मेडिकल कॉलेज रीवा इससे अछूता नहीं रह गया है।पड़ोसी जिला सतना में मेडिकल कॉलेज की शुरुआत हुई तो कई डॉक्टर यहां से पलायन कर गए। कॉलेज छोड़ने के पहले डॉक्टरों को मेडिकल कॉलेज से एनओसी लेनी पड़ती है। इस प्रक्रिया को भी कई प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसरों ने पूरी कर ली है। ऐसा नए डीन के आने के पहले ही पूरी कर ली। उन्हें इस बात का अंदेशा था कि नए डीन के आने से उनकी मंशा पर पानी फिर सकता था कि ऐसे में स्थापना लिपिक से मिलकर एनओसी क्लियर कर ली। फार्मेकोलॉजी विभाग में डॉ प्रभाकर सिंह भी सह प्राध्यापक के पद पर हैं लेकिन वह कोर्स करने बाहर चले गए हैं। अब डेढ़ से दो साल के पहले वह लौट नहीं सकते हैं। ऐसे में यदि डॉ आदेश पाटीदार कहीं दूसरे मेडिकल कॉलेज में ज्याइन करते हैं तो विभाग में कोई भी प्रोफेसर नहीं बचेगा।

**एक प्रोफेसर के भरोसे चल रहा फोरेंसिक विभाग_-** इसी तरह शिक्षकों की कमी से फोरेंसिक विभाग भी जूझ रहा है। यहां जितने भी डाक्टर थे, सब छोड़कर बाहर जा चुके हैं एचओडी डॉ शशिधर गर्ग थे, वह भी सतना मेडिकल कॉलेज में डीन के पद पर ज्वाइन कर चुके हैं। अब सिर्फ एक सह प्राध्यापक डॉ रजनीश पाण्डेय बचे हुए हैं। इन्हीं के भरोसे विभाग चल रहा है। ऐसे में यदि यह भी कहीं दूसरी जगह ज्वाइन करते हैं तो यह विभाग भी पूरी तरह से खाली हो जाएगा।

**इनका कहना है**

मेडिकल नेशनल प्रायरिटी में चिकित्सकों मे एक दो चिकित्सक आते-जाते रहते हैं अभी हमारे यहां पीजी सहित सुपर स्पेशलिस्ट आर्ट जैसे और भी नए-नए कोर्स चालू होने वाले हैं अभी हमारे यहां लगभग 200 अध्यापक मौजूद है रिक्त पदों के लिए लगातार व्यवस्था बनाई जा रही है

डॉ सुनील अग्रवाल डीन मेडिकल कॉलेज रीवा

**नल-जल योजना निर्माण में कम प्रगति वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करें - कलेक्टर**

# बोरवेल खुले पाए गए तो उसके मालिक पर दर्ज होगी एफआईआर

रीवा




कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में नल-जल योजनाओं की प्रगति तथा पेयजल व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिन नल-जल योजनाओं का कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो गया है उनका कार्य 15 मई तक पूरा कराकर उसे ग्राम पंचायत को हैण्डओवर कराएं। शेष नल-जल योजनाओं का कार्य 31 मई तक पूरा कराएं। कार्यपालन यंत्री पीएचई नल-जल योजनाओं की प्रगति की हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। नल-जल योजनाओं के निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। जिन ठेकेदारों की प्रगति 15 प्रतिशत से कम है तथा समयावधि लगभग पूरी हो रही है उन्हें ब्लैक लिस्टेड करें। प्रत्येक घर को नल का कनेक्शन देने के लिए तैयार कार्ययोजना में जिन गांव की बस्तियाँ छूट गई हैं उनके पूरक प्रस्ताव 15 मई तक अनिवार्य रूप से शासन को प्रेषित करें।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में इस वर्ष औसत से कम वर्षा होने के कारण भूजल स्तर में तेजी से गिरावट हो रही है। पेयजल की आपूर्ति के लिए जहाँ तक संभव हो सतही जल का उपयोग करें। हैण्डपंपों में राइजर पाइप लगाने के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में पर्याप्त मात्रा में राइजर पाइप उपलब्ध कराएं। साथ ही वाहन एवं अन्य संसाधनों के साथ हैण्डपंप सुधार के लिए दल तैनात करें। विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर पेयजल व्यवस्था के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम में प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्यवाही करें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। छोटी-मोटी कठिनाई के कारण जो नल-जल योजनाएं बंद हैं उन्हें सुधारकर तत्काल चालू कराएं। पूर्ण नल-जल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कराएं। नल-जल योजनाओं से नल कनेक्शन के बाद ग्राम पंचायत निर्धारित राशि की वसूली करे। लक्ष्य में 70 प्रतिशत से अधिक वसूली करने वाली ग्राम पंचायतों को जिला खनिज मद से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पूरे जिले में 30 अप्रैल तक अभियान चलाकर अनुपयोगी और खुले बोरवेल बंद कराए गए हैं। राजस्व अधिकारी तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण के दौरान इसका सत्यापन करें। यदि अब भी कोई बोरवेल खुला पाया जाता है तो उसके मालिक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सभी पूर्ण नल-जल योजनओं का मौके पर सत्यापन कर प्रतिवेदन दें।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि कार्यपालन यंत्री पीएचई सभी ठेकेदारों से नल-जल योजना के लिए बिजली कनेक्शन के प्रस्ताव आज ही प्राप्त कर लें। इसे अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल को प्रस्तुत कर तत्काल कनेक्शन की कार्यवाही कराएं। ग्रामीण क्षेत्र में निर्माण कार्यों से नल-जल योजना की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त न हो इसके लिए मानक प्रक्रिया तथा निर्देश जारी कराएं। जिन निर्माण एजेंसियों ने पाइपलाइन क्षतिग्रस्त की है उनसे सुधार कराया जाएगा। नल-जल योजना के ठेकेदार भी पाइपलाइन में सुधार के बाद ही ग्राम पंचायत को हैण्डओवर करें।

बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने बताया कि जिले में जल जीवन मिशन के तहत 427 नल-जल योजनाएं स्वीकृत हैं। इनमें से 237 का निर्माण कार्य पूरा हो गया है तथा 62 ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कर दी गई हैं। जिले में वर्तमान में 209 नल-जल योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। जिले में बिगड़े हैण्डपंपों के सुधार के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में समुचित व्यवस्था की गई है। जिन नल-जल योजनाओं का कार्य 60 प्रतिशत पूरा हो गया है उन्हें 31 मई तक शत-प्रतिशत पूरा करके ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कर दिया जाएगा। बैठक में सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला प्रबंधक जल जीवन मिशन चित्रांशु, पीएचई के अनुविभागीय अधिकारी तथा उपयंत्री एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

# केन्द्र सरकार हम मजदूरों को नाली का कीड़ा समझती है: राजकुमार कोल



रीवा ।


ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्य प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता नागेन्द्र सिंह कल्चुरी, अनुसूचित जनजाति मंच के जिलाध्यक्ष राजकुमार कोल ने मजदूर दिवस के मौके पर चोरहटा नहर के पास रहने वाले मजदूर भाई वहनों के बीच पहुंचकर उनको मजदूर दिवस पर ढेरों शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कल्चुरी ने कहा कि आपका परिश्रम ही समाज की रीढ़ है, आज के दिन हम आपके परिश्रम और दृढ़संकल्प की प्रशंसा करते हैं। आपका पसीना देश की तरक्की का आधार है। उन्होने ने मजदूरों से कहा कि आप जितनी मेहनत करते हैं उसका सरकार के द्वारा मूल्यांकन नहीं दिया जाता आज देश में मजदूर की स्थिति वद् से वदतर हो रही है तो वहीं अमीरों की संख्या बढ़ती जा रही है। कल्चुरी ने कहा कि देश में अमीरी और गरीबी की खांई इतनी ज्यादा बढ़ रही है कि उसको पाट पाना बहुत मुश्किल हो रहा है सरकार गरीब मजदूरों का आरक्षण समाप्त करने की तैयारी कर रही है जो देश के लिए बहुत घातक सिद्ध होने वाला है। अनुसूचित जनजाति मंच के जिलाध्यक्ष राजकुमार कोल ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए गौरवशाली दिन है हमें हमारी मेहनत और संघर्ष में ही सफलता मिलती है आपके द्वारा बनाई गई हर चीज में आपकी मेहनत झलकती है, हमारी मेहनत से ही समाज का विकास होता है वावजूद इसके केन्द्र सरकार हम मजदूरों को नाली का कीड़ा समझती है और सदैव मारने का प्रयास करती है जो देश के लिए शुभ संकेत नहीं है।



# ईवीएम की कलेक्टर से लेकर पुलिस के जवान तक कर रहे निगरानी

### स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए 24 घंटे तैनात रहेंगे राजस्व अधिकारी

**रीवा ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान संपन्न हो गया। मतदान के बाद इंजीनियरिंग कालेज में विधानसभावार बनाए गए 8 अलग-अलग स्ट्रांग रूमों में ईव्हीएम मशीनें रखी गई हैं। इनकी सुरक्षा के लिए केन्द्रीय अद्र्धसैनिक बल के सशस्त्र जवान तैनात किए गए हैं। स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्ट्रांग रूम की 24 घंटे निगरानी के लिए तीन पालियों में राजस्व अधिकारी तैनात किए हैं। जारी आदेश के अनुसार 27 अप्रैल से 3 मई की अवधि में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा, दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक तहसीलदार नीलेश सिंह तथा रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तहसीलदार सुमित गुप्ता तैनात रहेंगे। इसी तरह 4 मई से 10 मई की अवधि में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा तथा रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तहसीलदार नीलेश सिंह तैनात रहेंगे।जारी आदेश के अनुसार 11 मई से 17 मई की अवधि में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक तहसीलदार सुमित गुप्ता, दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला तथा रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा तैनात रहेंगे। इसी तरह 18 मई से 24 मई की अवधि में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक तहसीलदार नीलेश सिंह, दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक तहसीलदार सुमित गुप्ता तथा रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला तैनात रहेंगे। स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए 25 से 31 मई तक सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा, दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक तहसीलदार नीलेश सिंह तथा रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तहसीलदार सुमित गुप्ता तैनात रहेंगे। इसी तरह एक जून से 4 जून तक सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा तथा रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तहसीलदार नीलेश सिंह तैनात रहेंगे।



### आबकारी विभाग ने 12 लीटर कच्ची तथा 1020 किलोग्राम महुआ लाहन किया जप्त

**रीवा।** जिले में अवैध मदिरा की विरूद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। गत दिनों विभाग द्वारा 8 प्रकरणों में 12 लीटर कच्ची मदिरा एवं 1020 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। जिसका मूल्य एक लाख 3 हजार 800 रूपये है। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि आबकारी उड़नदस्ता प्रभारी एएस ठाकुर के नेतृत्व में हनुमान गढ़ी बांसा थाना गोविंदगढ़ में अवैध मदिरा के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 12 लीटर कच्ची मदिरा एवं 1020 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक बीड़ा पयासी, अदिति अग्रवाल, नेहा प्रजापति, रमागोविंद सिंह, महेन्द्र सिंह, उमाकांत तिवारी, संगीता द्विवेदी, अतुल बागरी एवं आशीष गुप्ता उपस्थित रहे।

